हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, बुधवार 28 जनवरी 2026

11 जलती रहे खाटू वाले ज्योत तेरी जलती रहे...से बांधा संमा...



12 सेनानियों के बलिदान से ही मिला है गणतंत्र दिवस ....



## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 29 को

**चरखी दादरी।** 29 जनवरी को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि 29 को आयोजित होने वाली बैठक में कुल 12 मामले रखें जाएंगे, जिनमें से 8 पुराने और 4 नए हैं।

### गांव ईशरवाल में कुश्ती दंगल और भंडारा 31 को

**भिवानी।** श्रीगोरक्ष शक्तिपीठ समिति द्वारा 31 जनवरी और एक फरवरी को गांव ईशरवाल तोशाम-बहल रोड रोढ़ा मोड़ में 7वां विशाल भंडारा एवं कुश्ती दंगल आयोजित किया जा रहा है। आयोजन श्री श्री 1008 योगी बाबा मंगलनाथ महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। श्रद्धालु युद्धवीर खरेटा ने बताया कि 31 जनवरी को रात्रि 9 बजे से सत्संग का आयोजन होगा। एक फरवरी रविवार को 11 बजे से कुश्ती दंगल व भंडारा शुरू होगा। लड़कों के कुश्ती मुकाबले में प्रथम बड़ी कुश्ती का इनाम 11 हजार रुपये होगा। महिला पहलवानों के लिए 200 रुपये से 5100 रुपये तक की ईनामी कुश्ती लड़ी जाएंगी।

### मादक पदार्थ हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बवानीखेड़ा।** सीआईए स्टाफ -2 भिवानी की टीम ने आरोपी को हेरोइन के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस टीम को विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति, जो बवानी खेड़ा स्थित श्याम वर्कशॉप के पास खड़ा है, मादक पदार्थ बेचने की फिराक में है। इस सूचना के बाद पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते रेड डाली और आरोपी को 5 ग्राम 3 मिलीग्राम हीरोइन के साथ गिरफ्तार किया।

### 6.28 ग्राम मादक पदार्थ सहित तीन गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना तोशाम पुलिस ने तीन आरोपियों को मादक पदार्थ हेरोइन के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना तोशाम के उप निरीक्षक सुरेश कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ बस अड्डा गांव बीरण मौजूद थे। इसी दौरान विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि तीन व्यक्ति गाड़ी में दिनोद की तरफ से मादक पदार्थ हेरोइन लेकर बिरण की ओर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रेड मारकर तीन व्यक्तियों को दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से कुल 6.28 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद की गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सोमबीर निवासी खरड़ अलीपुर, जिला हिसार, हाल निवासी तोशाम, रोशन निवासी तोशाम तथा नीरज पुत्र संजय, निवासी तोशाम के रूप में हुई है।



### अग्निवीर भर्ती आज से डीसी ने लिया जायजा

**भिवानी।** भीम स्टेडियम में 28 जनवरी से 12 फरवरी तक सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी द्वारा अग्निवीर के विभिन्न पदों की भर्ती की जाएगी। डीसी साहिल गुप्ता ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को साथ लेकर भर्ती प्रक्रिया की तैयारियों का जायजा लिया। सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी के निदेशक कर्नल के.संदीप ने तैयारियों के बारे में डीसी को जानकारी दी। डीसी ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी। कर्नल के.संदीप ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया में करीब 8800 युवा भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि भर्ती में अग्निवीर जेडी, क्लर्क/ स्टोरकीपर, टेक्नीकल और ट्रेडमैन के पद शामिल हैं। प्रतिदिन करीब 650 युवा भर्ती में शामिल होंगे। करीब चार बजे भीम स्टेडियम में युवाओं की एंट्री होगी।

## ओले और बारिश से लुढ़का पारा ठिठुरन बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दो दिनों तक चटक धूप खिलने के बाद मंगलवार को फिर से मौसम का मिजाज बदल गया। तेज हवा के साथ आसमान से पानी के साथ ओले बरसे। कई जगहों पर करीब तीन से चार मिनट तक आसमान से पानी के साथ ओले बरसते रहे। हालांकि कुछेक जगहों को छोड़ कर बाकी जगहों पर ओलों का साइज ज्यादा बड़ा नहीं था। जिन जगहों पर ओलों की गहनता व साइज बड़ा था। उन इलाकों में रबी फसल में नुकसान होने की आशंका है। बारिश से तो फसलों में फायदा होगा,लेकिन ओलावृष्टि से नुकसान होने की आशंका है। फिलहाल किसानों की नजरें आसमान की तरफ टिकी है। दूसरी तरफ ओलावृष्टि से एक दम दो डिग्री सेल्सियस पारा लुढ़क गया है। जिससे मौसम में और ठंडक घुल गई है। मंगलवार को मौसम का मिजाज बदलने से पूरे दिन लोगों घरों में ही रहे।

# बारिश के साथ-साथ गिरे ओले फसलों में नुकसान की आशंका







### सरसों में दोबारा फुटाव होने की उम्मीद कम

उल्लेखनीय है कि ओलावृष्टि से फसलों में नुकसान होगा और बारिश से फायदा, क्योंकि इस वक्त सरसों की फसल में फलिया बनने लगी है और चने की फसल में फूल आने लगा है। ऐसे में जिस भी पौधे के तने पर ओला लग गया। वही पौधा टूट कर जमीन पर गिर जाएगा। सरसों का पौधा एक बार टूट गया तो उसमें अब दोबारा फुटाव होने की कम ही उम्मीद बची है। चूंकि इस वक्त अगेती सरसों की फसल में फलियां बन रही है। दूसरी तरफ चने की फसल में भी फुटाव होने का कार्य पूरा हो चुका है। अगर इस वक्त चने का पौधा की कोई टहनी टूट जाए तो फिर से फुटाव होकर उसकी पूर्ति नहीं हो पाएगी। यहां यह बताते चले कि कुछ इलाकों में इस बारिश का फायदा होगा और जिन इलाकों में पहले से ही पानी जमा है, वहां पर बारिश से नुकसान भी होगा। फिलहाल किसानों की मौसम में आए बदलाव को लेकर हार्टबीट बढ़ी हुई है।

### लोगों की कंपकपी छूटती रही

मंगलवार अल सुबह एकदम बदले मौसम के मिजाज की वजह से ठंड बढ गई। पारा दस डिग्री सेल्सियस से लुढ़कर आठ डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हालांकि अन्य दिनों की अपेक्षा पारा उपर ही रहा,लेकिन मौसम में ठडक घुलने की वजह से लोगों की देर शाम तक कंपकपी छूटती रह। पूरे दिन सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो पाए। जिस वजह से ठंडा मौसम बना रहा। बूंदाबांदी व ठंड बढ़ने की वजह से लोग दिनभर घरों में ही रहे। सड़कों व गलियों में कम ही लोग नजर आए।



## बूंदाबांदी के साथ आई ओलावृष्टि से सरसों और गेहूं पर पड़ी मार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

सर्द मौसम में मंगलवार को सुबह बूंदाबांदी के साथ आए ओलावृष्टि के झौंके ने किसानों के होश फाख्ता कर दिए हैं। इससे दर्जन भर गांवों में सरसों व गेहूं पर मार पड़ी है। इससे अगेती सरसों की तैयार फलियों व पछेती सरसों, गेहूं के पौद्यों के पत्तों को नुकसान हुआ है। मौसम में सारा दिए हुए परिवर्तन से अन्नदाता में अपनी फसलों को लेकर भय बना हुआ है। मंगलवार को सुबह ही पहले बूंदाबांदी शुरू हुई और चंद मिनटों बाद ही अचानक ओलावृष्टि शुरु हो गई। इससे उपमंडल क्षेत्र के गांव जीतपूरा, उमरवास, काकड़ौली हु1मी, गोपी, पंचगावां, बाढ़ड़ा आदि दर्जन भर गांवों की सरसों व गेहूं की फसलें सबसे अधिक प्रभावित हुई हैं और अगेती सरसों की फलियों को नुकसान पहुंचा है वहीं पछेती सरसों के पौधों के पत्ते झड़ गए।

जीतपूरा के किसान कृष्ण कुमार, विजय कुमार, नरेंद्र सिंह, ईश्वर सिंह, ओमप्रकाश, जगदीश, नरेश कुमार, सीताराम शर्मा काकड़ौली आदि ने बताया कि आज की ओलावृष्टि से छोटे पौद्ये क्षतिग्रस्त हुए हैं। मौसम में अब भी हालात प्रतिकूल नजर आ रहे हैं जिससे किसानों में फसलों को लेकर चिंता व्याप्त है। मौजूदा समय में सर्द मौसम में बरसात सबसे अधिक लाभदायक होती है लेकिन ओलावृष्टि की मार ज्यादा पड़ी तो गेहूं, सरसों व सब्जियों की फसलों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। किसान भारी भरकम लागत से फसलों की बिजाई करता है लेकिन हर बार मौसम की मार से बर्बादी की भेंट चढ़ जाता है। पीड़ित किसानों ने जिला प्रशासन से प्रभावित क्षेत्र की सुध लेने की मांग की है।



बाढ़ड़ा। जीतपूरा के खेतों में सरसों के पौधें पर पड़ी ओलावृष्टि की मार।

### बैरागी समाज की नई कार्यकारिणी का गठन पूर्व सरपंच छपार नरसिंह को प्रधान नियुक्त किया



**तोशाम।** बैरागी समाज ब्लाक तोशाम की बैठक सुंगरपुर में आयोजित की गई, जिसमें समाज की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रधान कृष्ण कुमार ने की। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। सर्वसम्मति से नरसिंह पूर्व सरपंच छपार को प्रधान नियुक्त किया गया। उपप्रधान पद की जिम्मेदारी राजेंद्र भान ढाबढाणी को, महासचिव मास्टर लक्ष्मीनारायण बुसान को, कैशियर मनोज कुमार सुंगरपुर तथा सचिव दलबीर देवराला को बनाया गया। इसके अलावा रामचंद्र संडवा को मीडिया प्रभारी और राजेंद्र सुंगरपुर को संरक्षक नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में राजेश ढाणीमाहू, राकेश ढाबढाणी, विनोद ढाबढाणी, संजय बुसान, लीलूराम हेतमपुरा, राजेश कुमार छपार, कश्मीरसिंह तोशाम, सोमबीर देवराला, लक्ष्मीनारायण नंबरदार केहरपुरा, प्रेमसिंह मनसरवार, राजेश सुंगरपुर तथा उमेद सिंह सुंगरपुर को शामिल किया गया। बैठक में समाज की एकता, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन पर विशेष चर्चा की गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाजहित में ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया।

## 100 मीटर दौड़ में रीना व म्यूजिकल चेयर में ममता प्रथम

रेलवे विभाग से उप मुख्य अभियंता निर्माण व स्टेशन अधीक्षक ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बीकानेर डिवीजन स्पोर्ट्स एसोसिएशन भिवानी द्वारा 26 जनवरी पर रेलवे खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। रेलवे अकादमी के कोच व ट्रेन मैनेजर सतबीर सिंह देहरान ने बताया कि रेलवे विभाग से सुशील कुमार (उप मुख्य अभियंता निर्माण) व स्टेशन अधीक्षक उदयराज ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

देहरान ने बताया कि प्रतियोगिता में महिला व पुरुष कर्मचारी उनके परिवारजन व बच्चों ने भाग लिया। समापन समारोह में मुख्यतिथि ने सभी खिलाडिय़ों को पदक पहनाकर सम्मानित किया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यकम में सज्जन इटकान, राजपाल , सुनीता, शुभम, अंकित, इरफान, पारुल, राजन, अमन, अंजली, धीरज, साहिल, परमिला स्टेशन मास्टर, धर्मचंद स्टेशन मास्टर व सुनीता आदि मौजूद रहे।

### लड़कों में मयंक प्रथम

10 वर्ष के लड़कों में मयंक प्रथम, प्रथम दूसरे व एकांश तीसरे स्थान पर रहे। लड़कियों में माही प्रथम, सुप्रिया दूसरे व गुंजन तीसरे स्थान पर रही। 12 वर्ष के आयु वर्ग में लड़कों में मिंटू प्रथम, शानवी दूसरे, सलोनी व परी तीसरे स्थान पर रहे। 10 वर्ष से कम लड़कियों में अंशिका प्रथम, महिमा दूसरे ओर आयुषी तीसरे स्थान पर रही। महिलाओं में 100 मीटर रेस में रीना प्रथम और रीना चौधरी द्वितीय स्थान पर रही। महिलाओं की म्यूजिकल चेयर रेस में ममता प्रथम और देविका शर्मा द्वितीय रही

## मुक्केबाजी में सहज ने स्वर्ण व हिमांशु ने जीता रजत पदक

**भिवानी।** झीलों की नगरी उदयपुर में 19 से 24 जनवरी तक हुई यूथ नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में मिनी क्यूबा भिवानी के मुक्केबाज सहज ने गोल्ड तथा हिंमाशु ने शानदार प्रदर्शन के साथ सिल्वर मेडल जीता। 92 किलोग्राम भारवर्ग में सहज ने अपनी ताकत का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ नेशनल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। वहीं 75 किलोग्राम भारवर्ग में हिमांशु ने कड़ी टक्कर दी और उपविजेता रहते हुए सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। कोच अखिल ने बताया कि फाउंडेशन की ओर से चैंपियनशिप में 8 मुक्केबाजों ने शिरकत की, जिसमें रुचि ने बिहार के खिलाफ अपना मुकाबला जीतकर शानदार शुरुआत की। वहीं मोक्ष, धैर्य, गुलशन, आदित्य व सागर इन पांचों मुक्केबाजों ने क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया। कोच अखिल कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।



## धरनारत किसानों ने शहर में तिरंगे के साथ निकाली ट्रैक्टर यात्रा

प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

गणतंत्र दिवस के मौके सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले चल रहे अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसानों ने शहर में तिरंगा लगाकर सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ शहर में ट्रैक्टर रैली निकाली। इस दौरान किसानों ने जय जवान जय किसान के नारे लगाए और प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

**इन्होंने लिया भाग :** किसान नेता रामपाल सिंघानी के नेतृत्व में निकाली गई इस यात्रा के दौरान मास्टर जग रोशन, सूबेदार धनपत सिंह, मंदरुप नेहरा, सुरेश फरटिया, राजेन्द्र शेखावत, राजेन्द्र गिगनाऊ, सुमेर सिंह गिगनाऊ, मास्टर उमराव सिंह, कविता आर्य, एडवोकेट अशोक आर्य, जयप्रकाश फरटिया, इंद्र सिंह , नरेन्द्र फरटिया जय सिंह, धर्मपाल फरटिया, सुरेंद्र सिंह, शेर सिंह, रोहतास झुप्पा, अमर सिंह फरटिया, राम सिंह शेखावत, मेवा सिंह आर्य, आजाद भूंगला, विजय गुरावा, मांगेराम, सुनील कुमार पहाड़ी, मान सिंह, रणबीर, राजेन्द्र काजला, मनफूल ओबरा, सतबीर ओबरा, महावीर पूनिया, सुमेर सिंह बडदू धीरजा, शेर सिंह चहड़ कलां, रण सिंह फरटिया, नरेश पहाड़ी सहित अनेक किसानों ने हिस्सा लिया।




भिवानी। लोहारू में गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर यात्रा निकालते हुए इलाके किसान।

### सरकार सुध नहीं ले रही

किसान नेताओं ने कहा कि पिछले साढ़े छह माह से इलाके किसान करोड़ों रुपयों के बकाया बीमा क्लेम राशि के भुगतान के लिए अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। लेकिन सरकार इन किसानों की सुध नही ले रही है। जब तक किसानों की मांगे पूरी नही होंगी, किसान धरना से नही उठेंगे। सोमवार को तिरंगा यात्रा के दौरान किसानों ने देश के अमर शहीदों को याद किया।

## स्वास्थ्य ठेका कर्मचारियों का फूटा गुस्सा तीन माह से वेतन नहीं मिलने पर प्रदर्शन

प्रदेश सरकार के नाम सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएनएल) के तहत स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत ठेका कर्मचारियों के सब्र का बांध आखिरकार मंगलवार को टूट गया। वेतन विसंगतियों और पोर्टल पर नाम दर्ज न होने से नाराज स्वास्थ्य ठेका कर्मचारी यूनियन के बैनर तले सैंकड़ों कर्मचारियों ने चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल से लेकर उपायुक्त कार्यालय तक प्रदर्शन किया और स्वास्थ्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा। ठेका कर्मचारियों के प्रदर्शन का रोडवेज यूनियन अनिल फौजी, बिजली कर्मचारी यूनियन से लोकेश कुमार, सीटू से कामरेड अनिल कुमार, आदि ने समर्थन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रधान दीपक तंवर ने सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल उठाए।



- वेतन नहीं मिलने के कारण मानसिक परेशानी से जूझ रहे कर्मचारी : दीपक

### एचकेआरएनएल पोर्टल पर शो नहीं हो रहे नाम

तंवर ने कहा कि वे पिछले तीन महीनों से बिना वेतन के काम कर रहे हैं। विडंबना देखिए कि जिन कर्मचारियों ने कोरोनाकाल में अपनी जान की परवाह किए बिना निःस्वार्थ भाव से जनता की सेवा की, आज वहीं कर्मचारी अपने परिवार का पालन-पोषण करने में असमर्थ हैं। कई साथियों के नाम अभी तक एचकेआरएनएल पोर्टल पर शो नहीं हो रहे हैं, जिसकारण उनकी नौकरी पर तलवार लटकी हुई है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को पहले भी कई बार मौखिक और लिखित रूप से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आश्वासन के अलावा धरातल पर कुछ नहीं बदला। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप धारण करेगा। मांगपत्र के माध्यम से कर्मचारियों ने मांग की कि बकाया वेतन तुरंत जारी किया जाए, जिन कर्मचारियों के नाम अभी तक पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं, उन्हें तत्काल अपडेट किया जाए ताकि उनकी सेवा सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### आईटीआई में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला 9 फरवरी को

**भिवानी।** राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में 9 फरवरी को प्रात 09 बजे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में इलेक्ट्रीशियन, फिटर, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, मशीनिस्ट, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक ट्रैक्टर, टेक्नीशियन पावर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, टर्नर, वायरमैन, फाउंड्रीमैन, शीट मेटल वर्कर और सभी मैकेनिकल व्यवसायों के आईटीआई उत्तीण छात्र इस कैंपस प्लेसमेंट में अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेकर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

राजकीय आईटीआई भिवानी के प्रधानाचार्य बलबीर सिंह ने बताया कि इस रोजगार मेले में आइसियन ऑटोमोटिव हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड रोहतक, ईस्टर बियरिंग्स प्राइवेट लिमिटेड कुंडली सोनीपत, यूएनओ मिंडा ईवी सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड फरुखनगर गुरुग्राम, फिएम इंडस्ट्रीज लिमिटेड टपुकारा अलवर राजस्थान, श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड पथरेड़ी राजस्थान, याज़ाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड भिवाड़ी राजस्थान, गेब्रियल इंडिया लिमिटेड गुरुग्राम हरियाणा, महले आनंद थर्मल सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा यूपी, श्री कृष्णा फोर्जिंग प्राइवेट लिमिटेड भिवानी रोड रोहतक आदि कंपनियां भाग लेंगी।

### पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह, स्थायी भर्ती व पुरानी पेंशन बहाली की मांग

## बैंक कर्मचारियों ने देशव्यापी हड़ताल कर निकाला रोष मार्च

फैमिली पेंशन व चिकित्सा सुविधाओं में संशोधन और बकाया इंसेंस्टिव देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन (यूएफबीयू) के आह्वान पर 27 जनवरी मंगलवार को बैंकिंग उद्योग में देशव्यापी हड़ताल हुई। हड़ताल में बैंकों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सभी नौ यूनियनों ने एकजुट होकर भाग लिया और विरोध प्रदर्शन कर रोष मार्च निकाला। बैंक कर्मचारी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सामने एकत्रित हुए और विरोध जताया।

एसबीआई की मुख्य शाखा के सामने यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन (यूएफबीयू) के आह्वान पर यूनियन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं भिवानी सचिव सत्यशील कौशिक व यूनियन के प्रधान प्रदीप कुमार के नेतृत्व में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पीएनबी, यूको बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ोदा, केनरा बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब एंड सिंध बैंक, इंडियन ओवरसिज बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र व सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी एवं कर्मचारी एकत्रित हुए और लंबित मांगों को लेकर रोष जताया। सत्यशील कौशिक व प्रदीप ने बताया कि बैंक में पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने बैंकों में खाली पड़ी करीब ढाई लाख स्थायी भर्तिया करने, पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करने, फैमिली पेंशन संशोधन करने, चिकित्सा सुविधा में त्रुतियों को दुरूस्त करने व वर्ष 2023 से बकाया इंसेंस्टिव देने की मांग की। यूनियन के नेताओं ने कहा कि बैंक कर्मचारी संगठनों द्वारा निरंतर और समग्र प्रयास किए गए कि सरकार से बातचीत के माध्यम से सहमति बनाई जाए, लेकिन बार-बार आश्वासन ही मिलते रहे।




भिवानी। लंबित मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते बैंक कर्मी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर यूनियन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं भिवानी सचिव सत्यशील कौशिक, यूनियन के प्रधान प्रदीप कुमार, सोमबीर, राकेश दुरेजा, नीतिन, धर्मबीर यादव, अजीत सिंह तंवर आदि मौजूद रहे।

### लेबर कोड रद्द करने और न्यूनतम वेतन 26000 लागू करने की मांग

**भिवानी।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, संयुक्त किसान मोर्चा व कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर लेबर कोड रद करने, न्यूनतम वेतन 26000 रुपये लागू करने, आंगनबाड़ी, आशा, मिड डे मील, वन मजदूरों, ग्रामीण चौकीदार व सफाई कर्मियों समेत सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, एमएसपी लागू करने, बिजली बिल, बीज विधेयक, वीबीजी रामजी को रद करने, पुरानी पेंशन की बहाली, को लेकर 12 की देशव्यापी हड़ताल ऐतिहासिक होगी।

- केंद्रीय ट्रेड यूनियन व संयुक्त किसान मोर्चा की 12 फरवरी की देशव्यापी हड़ताल होगी ऐतिहासिक

12 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल करके ब्लॉक व जिला स्तर पर हजारों मजदूर किसान व कर्मचारी शामिल होंगे। बैठक में निर्णय लिया कि 12 फरवरी को हड़ताल करके भिवानी, बवानी खेड़ा व तोशाम के मजदूर, किसान व कर्मचारी नेहरू पार्क भिवानी में इकट्ठा होकर रोष प्रदर्शन करेंगे। बैठक की अध्यक्षता इंटक नेता रामौतार खोरड़ा ने की। बैठक में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की ओर से रामोतार खोरड़ा, राकेश बलियाली इंटक, अनिल कुमार, सुखदेव पालुवास, भीम सिंह सीटू, राजकुमार बासिया आदि मौजूद रहे।



# गांधी टॉक्स का ट्रेलर रिलीज, बिना बोले दमदार कहानी दिखाती है फिल्म

**मुंबई।** विजय सेतुपति की आगामी साइलेंट फिल्म 'गांधी टॉक्स'का ट्रेलर रिलीज हो गया है। साइलेंट फिल्म होने के नाते ट्रेलर में एक भी डायलॉग नहीं है। लेकिन हां, एआर रहमान का संगीत ट्रेलर को रोमांचक बनाता है। । 'गांधी टॉक्स' 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर आपको चार्ली चैपलिन की फिल्मों के दौर की भी याद दिलाएगा। ट्रेलर से पता चलता है कि कहानी के केंद्र में विजय सेतुपति हैं। ट्रेलर फिल्म को लेकर लोगों का उत्साह बढ़ाता है। यह फिल्म बेरोजगार विजय सेतुपति की कहानी है, जिसे अपने घर के सामने रहने वाली पड़ोसी अदिति राव से प्यार हो जाता है। दूसरी कहानी करोड़पति अरविंद स्वामी की है, जो अपनी सारी दौलत खो देता है।

लाइफ Style



# मिमी

## स्टेज परफॉर्मेंस के दौरान उत्पीड़न का लगाया आरोप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मिमी चक्रवर्ती ने एक लाइव स्टेज शो के दौरान उत्पीड़न और अपमान का आरोप लगाया है। यह घटना रविवार को बनगांव शहर के नयाग्राम इलाके में हुए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में हुई। मिमी की शिकायत के अनुसार, आयोजकों में से एक व्यक्ति तन्मय शास्त्री स्टेज पर चढ़ गया। उसने मिमी की परफॉर्मेंस को बीच में रोक दिया।


मिमी ने कहा कि इस घटना से उन्हें बहुत अपमान और बुरा लगा। उन्होंने ईमेल के जरिए बनगांव पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दी। दूसरी तरफ, आयोजक युवक संघ क्लब ने इन आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि मिमी तय समय से करीब एक घंटा लेट आईं। तन्मय शास्त्री ने कहा, 'कार्यक्रम की इजाजत सिर्फ आधी रात तक की थी। इलाके में छात्रों की बोर्ड परीक्षाएं होने वाली हैं, इसलिए कार्यक्रम को समय पर रोकना पड़ा। हमने मिमी का अपमान नहीं किया और न ही उन्हें परेशान किया। उनके आरोप बिल्कुल गलत हैं।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मिमी के बॉडीगार्ड्स ने क्लब की महिला सदस्यों के साथ बदतमीजी की, जो रात 11:45 बजे उन्हें सम्मान देने स्टेज पर आई थीं। तन्मय शास्त्री ने आगे कहा, 'हमें पता है कि मिमी एक बड़ी स्टार हैं, लेकिन अगर हम रात 12 बजे के बाद कार्यक्रम चलाते तो पुलिस खुद आकर बंद करवा देती और हम पर केस करती। अगर मिमी को कोई गलतफहमी हुई है या उन्हें बुरा लगा है, तो हम इसके लिए माफी मांगते हैं।' पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। मिमी चक्रवर्ती एक भारतीय बंगाली अभिनेत्री, गायिका और पूर्व राजनीतिज्ञ हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# अभिनेत्रियों को समझा जाता है कठपुतली

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड में अक्सर ही अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बहस होती है। इसको लेकर कई अभिनेत्रियों ने सवाल भी उठाए हैं। लेकिन, अब 'ट्विलाइट' फेम अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा।



# लोलापलूजा इंडिया में मिले प्यार पर जताया आभार...

**मुंबई।** लोलापलूजा इंडिया 2026 की परफॉर्मेंस के दौरान भारत के लोगों ने ब्रिटिश कलाकार यंगब्लड को काफी प्यार दिया है। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर भारत के लोगों का आभार जताया है। मुंबई में लोलापलूजा इंडिया 2026 की शानदार परफॉर्मेंस के बाद यंगब्लड ने अपने सभी भारतीय फैंस को धन्यवाद दिया है। ब्रिटिश कलाकार ने लोलापलूजा इंडिया के पहले दिन अपने परफॉर्मेंस से मुंबई की भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया। परफॉर्मेंस के कुछ घंटों बाद, यंगब्लड ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने मुंबई शो की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। इसके साथ उन्होंने एक पोस्ट लिखी। इंस्टाग्राम पर यंगब्लड ने भारत के लोगों का आभार जताते हुए एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह अपने फैंस से मिल रहे हैं। फैंस उन्हें गले लगा रहे हैं।



# संजय-नीना फिर बने मिस्ट्री थ्रिलर का हिस्सा

**मुंबई।** नीना गुप्ता और संजय मिश्रा की फिल्म 'वध 2' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस बार फिल्म में थ्रिल डबल होने वाला है। एक बार फिर से नीना और संजय मिश्रा एक हत्या को लेकर जांच के दायरे में है। साल 2022 में फिल्म वध रिलीज हुई। छोटे बजट की इस फिल्म ने दर्शकों को चौंकाया, क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा है। फिल्म 'वध 2' के ट्रेलर में एक जेल गार्ड शंभूनाथ के रोल में संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह जेल की एक कैदी मंजू सिंह (नीना गुप्ता) के करीब आते हैं। दोनों के बीच एक अलग तरह का रिश्ता बनता है। लेकिन इसी बीच जेल में कैदी गायब हो जाता है। वह कैदी कहां गया? उसके गायब होने से संजय मिश्रा और नीना गुप्ता के किरदारों का क्या कनेक्शन है, यही पूरी फिल्म की कहानी है। फिल्म 'वध 2' 6 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




# वेलकम टू... की रिलीज डेट का ऐलान...

**मुंबई।** बस पांच महीने का इंतजार और फिर सिनेमाघरों में होगा धमाल! जी हां, क्योंकि 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज डेट सामने आ गई है। कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' जून में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह मल्टीस्टारर फिल्म 26 जून को रिलीज होगी। 'वेलकम' फ्रेंचाईजी की यह तीसरी किस्त है और काफी मजेदार होने वाली है। इसमें अक्षय कुमार के अलावा कई और शानदार सितारे नजर आएंगे। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के निर्देशन की कमान अहमद खान ने संभाली है। इसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ सहित करीब 30 सितारे नजर आएंगे। रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, अरशद वारसी, परेश रावल, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, आफताब शिवदासानी, लारा दत्ता, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर, और दलेर मेहंदी भी फिल्म में अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ 3 की विनर बनी कृष्णा और अली की टीम

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ 3' की विनिंग टीम सामने आ चुकी है। अली गोनी, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, समर्थ जुरेल, जन्नत जुबैर और अभिषेक कुमार की टीम 'कांटा' ने इस शो की ट्रॉफी अपने नाम की है। कलर्स चैनल के इंस्टाग्राम पेज पर विनर्स की घोषणा की गई है। कृष्णा अभिषेक की टीम 'कांटा' की टक्कर एल्विश यादव की टीम 'छोरी' से हुई। दोनों टीमों ने अच्छा परफॉर्म किया, बढ़िया खाना बनाया। लेकिन आखिर में विजेता कृष्णा अभिषेक की टीम बनी। इस शो में कॉमेडियन भारती सिंह बतौर होस्ट नजर आती हैं। 'लाफ्टर शेफ' के पहले के दो सीजन भी काफी पॉपुलर रहे हैं। इस शो की थीम दर्शकों को पसंद आती है। प्रतियोगी या कुछ टीम बनाकर टीवी सेलेब्स कुकिंग करते हैं। इस दौरान हंसी-मजाक का खूब तड़का लगता है। इस तरह यह शो काफी मनोरंजन से भरपूर होता है। यह शो इसी वजह से टीआरपी लिस्ट में भी जगह बनाने में कई बार कामयाब हुआ है।

## 'द 50' में मनीषा और रजत की हुई एंट्री

**नई दिल्ली।** जल्द ही टीवी पर एक नया रियलिटी शो 'द 50' आने वाला है। इस शो का हिस्सा सेलिब्रिटी कपल युविका चौधरी और प्रिंस नरुला बन रहे हैं। हाल ही में इंफ्लुएंसर मनीषा रानी और रजत दलाल की एंट्री भी इस शो में हुई है। दोनों ने अपना गेम प्लान बताया है। धीरे-धीरे 'द 50' रियलिटी शो के प्रतियोगियों के नाम



सामने आ रहे हैं। हाल ही में एक प्रेस मीट के दौरान रजत दलाल और मनीषा रानी से शो के बारे में बात की। मनीषा रानी ने कहा, 'हम जहां खड़े हो जाते हैं, लाइन वहीं से शुरू होती है।'वह इस रियलिटी शो को लेकर काफी एक्साइटेड दिख रही हैं। वहीं रजत दलाल ने भी कहा कि वह शो में फरमाइश नहीं करने जा रहे हैं, वह गेम खेलने जा रहे हैं। इस तरह यह दोनों ही प्रतियोगी 'द 50' रियलिटी शो को खेलने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। रजत दलाल और मनीषा रानी के अलावा फिल्म एक्ट्रेस युविका चौधरी भी 'द 50' की प्रेस मीट में नजर आईं। वह कई साल बाद किसी रियलिटी शो का हिस्सा बन रही हैं।

# 'आशिकों की कॉलोनी' में थिरकते नजर आए शाहिद, दिशा ने लगाई आग

**मुंबई।** शाहिद कपूर की अपकमिंग फिल्म ओ रोमियो इन दिनों चर्चा में है। मंगलवार को इस फिल्म का नया गाना 'आशिकों की कॉलोनी' रिलीज हुआ। इस गाने में शाहिद कपूर और दिशा पाटनी का अंदाज पर फैंस फिदा हो गए। विशाल भारद्वाज की अपकमिंग फिल्म 'ओ रोमियो' 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। इस फिल्म का ट्रेलर जब से रिलीज हुआ है, तब से सोशल मीडिया पर 'ओ रोमियो' चर्चा का विषय है। अब इस फिल्म का नया गाना भी ट्रेंड कर रहा है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी ने आइटम डांस किया है। साथ ही शाहिद कपूर भी अपनी डांसिंग स्किल दिखाते नजर आ रहे हैं। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने में दिशा पाटनी के साथ शाहिद कपूर गजब का डांस कर रहे हैं। गाने में एक जगह वह माइकल जैक्सन की पॉपुलर डांस स्टेप 'मून वॉक' को करते नजर आए। डांस करते हुए शाहिद कपूर की एनर्जी देखने लायक है। इस गाने के संगीतकार



विशाल भारद्वाज हैं। गीतकार गुलजार ने इस गाने को लिखा है। गाने में मधुबंती बागची और जावेद अली की आवाज है। 'आशिकों की कॉलोनी...' गाने के म्यूजिक अरेंजर और प्रोड्यूसर मेघदीप बोस हैं। 'ओ रोमियो'का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। फिल्म में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी के अलावा नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, दिशा पाटनी, अविनाश तिवारी और फरीदा जलाल जैसे एक्टर्स अहम किरदारों में नजर आएंगे।

# बैटल ऑफ गलवान के सेट पर लौटे सलमान

*सलमान खान की अपकमिंग वॉर फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर पिछले साल उनके जन्मदिन, 27 दिसंबर को जारी किया गया था। इसी के साथ फिल्म की रिलीज डेट को लेकर भी अनाउंसमेंट किया गया। दिसंबर में फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई थी। खबरों के मुताबिक सलमान अब एक एक्स्ट्रा शूटिंग के लिए सेट पर लौट आए हैं।*

**मुंबई।** सलमान खान, निर्देशक अपूर्व लखिया और पूरी टीम फिल्म के लिए अब पैचवर्क के काम में जुट रहे हैं। इसके अलावा वे कुछ नए सीन भी जोड़ रहे हैं, जिनमें से कुछ में एक्शन सीन भी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये 15 दिनों का शेड्यूल है और पैचवर्क पहले से ही तय था। खबर है कि एडिशनल शूटिंग इसलिए हुई, क्योंकि फिल्म के मेकर्स और सलमान को लगा कि ये सीन कहानी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और इनसे फिल्म का प्रभाव बढ़ेगा। सलमान कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि 'बैटल ऑफ गलवान' दर्शकों के लिए एक शानदार अनुभव साबित हो। इसी के चलते उन्होंने एडिशनल शूटिंग के लिए सहमति दी।

फिल्ममेकर्स को पूरा भरोसा है कि फिल्म 17 अप्रैल को तय रिलीज डेट से काफी पहले तैयार हो जाएगी। वहीं, फिल्म का पहला गाना 'मातृभूमि' हाल ही में 24 जनवरी को रिलीज हुआ था। इस फिल्म में लीड रोल में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह लीड रोल में हैं। फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' कर्नल बिक्कुमल्ला संतोष बाबू की कहानी है और इस भूमिका को पर्दे पर जीते दिखेंगे सलमान खान। 15 जून, 2020 के तनावपूर्ण बैकग्राउंड पर बेस्ड ये फिल्म 'कोविड-19' महामारी के दौरान गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए वीर संघर्ष की कहानी बयां करती है।



## आलीशान बंगला, लग्जरी गाड़ियां सब बिक गईं

# भारत भूषण को जुनून ने बनाया राजा से रंक!

*नई दिल्ली। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री चमक-दमक की दुनिया है। इसने किसी को रंक से राजा बनाया तो कभी राजा बनाकर सबकुछ छीन भी लिया। एक ऐसे ही एक्टर थे भारत भूषण। जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ एक्टर बने। 10 साल के संघर्ष के बाद स्टारडम मिला। जब पैसा, शोहरत सब मिल गया तो एक फैसले ने उन्हें वापस फर्श पर लाकर पटक दिया। आप शायद ही जानते होंगे कि 'आशीर्वाद' बंगला इन्हीं का था, जिसे राजेंद्र कुमार और राजेश खन्ना दोनों ने खरीदा था। और ये बंगाल शापित माना जाता है। कहते हैं कि जैसे ही ये तीनों स्टार्स इस घर में आए, इनका बुरा समय शुरू हो गया। भारत भूषणगुप्ता। जिन्हें भारत भूषण के नाम से जाना गया। 14 जून 1920 में मेरठ, उत्तर प्रदेश में उनका जन्म हुआ, लेकिन परवरिश अलीगढ़ में हुई। उनके पिता रायबहादुर मोतीलाल मेरठ के सरकारी वकील और इलाहाबाद में सुप्रीम कोर्ट के जज थे। भारत का एक बड़ा भाई भी था। जब वो दो साल के थे, तब मां का निधन हो गया। इसके बाद वो अपने नाना के पास अलीगढ़ चले गए थे। वहीं पर ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई की।*



### एक्टिंग के खिलाफ थे भारत के पिता

भारत के बड़े भाई फिल्म प्रोड्यूसर और हाई कोर्ट जज रमेश चंद्र गुप्ता थे, जिनका लखनऊ में आइडियल स्टूडियो था। पढ़ाई के बाद उन्होंने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक्टिंग शुरू की। सिनेमा में काम करने के लिए पहले वो कोलकाता गए। बाद में मुंबई का रुख किया।

### डेब्यू मूवी

भारत भूषण ने 1941 में सुपरहिट फिल्म 'चित्रलेखा' में छोटा सा किरदार निभाकर अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। पर केदार शर्मा की सुपरहिट फिल्म में काम करने के बावजूद उनका कॅरियर आगे नहीं बढ़ पाया। वो उनकी एक और फिल्म 'सुहाग रात' में भी नजर आए थे। पर उनकी बाकी फिल्में कमर्शियली अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाईं।

### 11 साल बाद मिला स्टारडम

साल 1952। विजय भट्ट की 'बैजू बावरा' में वो लीड रोल में नजर आए। फिल्म ब्लॉकबस्टर रही और भारत भूषण भरोसेमंद स्टार बन गए। इसी साल 'मां' और 'आनंद मठ' जैसी सफल फिल्मों में उनके स्टारडम को मजबूत कर दिया। 1953 में 'लड़की' के साथ एक और ब्लॉकबस्टर दी। ये उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फइल्म थी, जिसमें वैजयंतीमाला, किशोर कुमार और अंजलि देवी थीं।

### 10 साल में 35 फिल्में

1941 में चित्रलेखा फिल्म से शुरुआत की। 1942 से 1950 तक भक्त कबीर, भाईचारा, सुहाग रात, उधार, भाई बहन जैसी फिल्मों में नजर आए। 1951 से 1960 तक, 10 साल में 35 फिल्में कीं, जिनमें बैजू बावरा, मां, आनंद मठ, लड़की, कवि, मिर्जा गालिब, अमानत, कल हमारा है, घूंघट, बरसात की रात जैसी फिल्में शामिल हैं।

### प्रोड्यूसर भी बने

1961 में कोई फिल्म नहीं रिलीज हुई। 1962 से 1980 तक 19 फिल्मों में नजर आएं। अब तक वो स्क्रिप्ट भी लिखने लगे थे और प्रोड्यूसर भी बन गए थे। 1991 में 'सौ करोड़' में उन्होंने पिता का रोल निभाया था, वो भी कैमियो में। उनकी मौत के बाद 1992 और 1993 में हमशक्ल और आखिरी चेतावनी रिलीज हुई थी।

### बेचना पड़ा आशीर्वाद बंगला

भारत भूषण का बॉम्बे के बांद्रा इलाके में एक बंगला था। इसका नाम 'आशीर्वाद बंगला' था। कहते हैं कि भाई के कहने पर भारत भूषण ने जब प्रोडक्शन की दुनिया में कदम रखा तो उन्हें बहुत नुकसान हुआ। उनकी सिर्फ दो फिल्में सफल रहीं, बाकी फ्लॉप हो गईं। उन्हें अपना बंगला बेचना पड़ा। इसे उन्होंने राजेंद्र कुमार को बेचा। बाद में राजेंद्र कुमार ने राजेश खन्ना को बेचा था। इस तरह से ये बंगला 3 फेमस फिल्म स्टार्स का घर रहा।

### *रामायण में बने तुलसीदास*

*भारत भूषण को रामानंद सागर की 'रामायण' में भी देखा गया था। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास का किरदार निभाया था।*

### *मेरठ में हुई थी शादी*

*पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने मेरठ के जाने-माने परिवार और जमींदार की बेटी सरला से शादी की थी। उनकी दो बेटियां थीं- अनुराधा और अपराजिता। अनुराधा को पोलियों से जुड़ी दिक्कतें थीं। भारत की पत्नी सरला की 1960 में दूसरे बच्चे को जन्म देते वक्त लेबर कॉम्प्लिकेशन के कारण मौत हो गई।*

### *दूसरी शादी*

*इसके बाद 1967 में भारत भूषण ने दूसरी शादी की। उन्होंने एक्ट्रेस रत्ना से ब्याह रचाया, जो 'बरसात' में उनकी को-स्टार थीं। भारत की बेटी अपराजिता ने भी फिल्मों में काम किया। पति की अचानक मौत के बाद उन्होंने एक्टिंग में कदम रखा था। वो रामायण में मंदोदरी बनी थीं।*

## खबर संक्षेप



### राम नाम सत्य नाटक का किया उत्कृष्ट मंचन

**भिवानी।** टीआईटी सभागार में तीन दिवसीय 23 से 25 जनवरी तक चले नाट्य उत्सव के अंतिम दिन सोनू रोंझिया के निर्देशन में चंद्रशेखर फणसलकर द्वारा लिखित राम नाम सत्य नाटक देखने का अवसर मिला। नाटक पूर्णतया रोग एवं नशे के कारण जिंदगी व मौत के बीच फैली बेबसी को दर्शाया। कलाकारों ने संजीदगी के साथ किरदारों को प्रस्तुत किया। नाटक ने एड्स रोगियों की मानसिक असंतुलित स्थिति और जिंदा रहने की बेबसी को बयान किया।

### कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष ने ग्रामीणों से किया संवाद

**भिवानी।** कांग्रेस के मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने मंगलवार को गांव फुलपुरा और कलिंगा का दौरा किया। गुलिया ने ग्रामीणों और मनरेगा मजदूरों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया और केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार की नीतियों को मजदूर विरोधी करार दिया। गुलिया ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान शुरू की गई मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। गुलिया ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अब योजना का नाम बदलकर जी राम जी योजना करने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल नाम बदलने की राजनीति कर रही है। मनरेगा का नाम बदलना असल में मजदूरों के कानूनी अधिकार को छीनने का बड़ा षड्यंत्र है।

### प्रत्येक रविवार लगेगा जागरूकता कैंप

**भिवानी।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन डीआर चालिया के निर्देशानुसार फरवरी माह के दौरान गांव बापोड़ा में प्रत्येक रविवार को कानूनी जागरूकता कैंप आयोजित होगा, इसके लिए यहां पर स्थित ग्राम सचिवालय में कानूनी देखभाल सहायता केंद्र स्थापित किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार ने बताया कि कानूनी जागरूकता शिविर प्रत्येक रविवार दो बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित होगा।

### जागरूकता शिविर आयोजित

**लोहारू।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम पवन कुमार व उपमंडल कानूनी सेवा समिति लोहारू के चेयरमैन एवं उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में सोमवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर चौधरी देवीलाल स्टेडियम में कानूनी जागरूकता शिविर लगाया गया। शिविर में पैनल अधिवक्ता सूबे सिंह ने उपस्थित लोगों को कानूनी जानकारी दी। शिविर में विभिन्न योजनाओं के बारे में, घरेलू हिंसा, मोटरयान अधिनियम, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## श्री श्याम दुर्गा माता मंडल तोशाम ने करवाया जागरण

# जलती रहे खाटू वाले ज्योत तेरी जलती रहे...से बांधा संमा

बाबा खाटू श्याम का भव्य श्रृंगार तथा 56 भोग विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

तोशाम के श्री श्याम दुर्गा माता मंडल द्वारा देर रात्रि प्राचीन दुर्गा माता मंदिर में बाबा खाटू श्याम का द्वितीय विशाल जागरण एवं भंडारा आयोजित हुआ। जिसमें गायक कलाकारों ने बाबा खाटू श्याम के भजनों की शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया।

इस दौरान जागरण का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी मास्टर अश्वनी कुमार महता ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलन के साथ किया। इससे पहले मंडल के सदस्यों ने जागरण में पहुंचने पर मुख्य अतिथि मास्टर अश्वनी कुमार का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान श्री श्याम दुर्गा माता मंडल के सदस्य एवं गायक कलाकार भूषण सरदाना ने जलती रहे खाटू वाले ज्योत तेरी जलती रहे...भजन के साथ मुख्य अतिथि मास्टर अश्वनी महता के कर कमल से दीप प्रज्वलन करवाकर जागरण शुभारंभ किया।



**तोशाम।** आयोजित कार्यक्रम में हवन करवाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

इस दौरान विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जागरण के दौरान इत्र वर्षा, बाबा खाटू श्याम का भव्य श्रृंगार तथा 56 भोग विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। जागरण के प्रारंभ में स्थानीय गायक कलाकार जतिन जिंदल, सुरेंद्र सरदाना, पवन बंसल, भूषण सरदाना ने बाबा खाटू श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी तत्पश्चात बाहर से आई गायक कलाकार बेबी रूपाली ने माता रानी का भजन चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है की प्रस्तुति से उपस्थित भक्तों को भावविभोर कर दिया। उनके बाद भिवानी से पहुंचे प्रसिद्ध गायक कलाकार हर्ष तनेजा ने बाबा खाटू श्याम के विभिन्न भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर अर्धरात्रि तक जागरण स्थल का माहौल पूरी तरह से भक्तिमय बनाए रखा। जागरण के दौरान आए हुए सभी श्याम भक्तों का श्री श्याम दुर्गा माता मंडल सदस्यों ने दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मार्केट कमेटी के अध्यक्ष चरण देव महता, ज्योतिषाचार्य कुंज बिहारी शास्त्री, मास्टर सुनील सुरा, राजेश पटवारी, पंच प्रतिनिधि राकेश, डॉ. कुलदीप भारद्वाज, रूपेश बंसल, रमेश बंसल, विक्की सचदेवा, कपिल डेमला, दीपक कालड़ा, पंच आशीष गजवानी, पंच प्रतिनिधि नरेश महता, बिट्टू जैन, विक्की मिड्ढा, कमल महता, मास्टर चंद्रभान, टेकचंद सरदाना, नारायण आदि मौजूद रहे।

# सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने जताया शोक

- पूर्व सरपंच जयबीर सिंह की माता के निधन पर शोक जताने पहुंचे सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** गांव मिताथल में पूर्व सरपंच जयबीर की माता को श्रद्धांजलि देते सांसद दीपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी।

रोहतक से सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा मंगलवार को गांव मिताथल पहुंचे, वे पूर्व सरपंच जयबीर सिंह की माता रामप्यारी के निधन पर शोक व्यक्त करने एवं शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने आए थे। बता दें कि रामप्यारी का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया, वे अपने पीछे बेटों, पोतों और पड़पोतों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि माता रामप्यारी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा है। 90 वर्ष का लम्बा और सार्थक जीवन जीना अपने आप में उपलब्धि है। उन्होंने न केवल अपने परिवार को संस्कारों से सींचा, बल्कि गांव के सामाजिक ताने-बाने को भी मजबूती दी। पूर्व सरपंच जयबीर के रूप में उन्होंने समाज को कर्मठ नेतृत्व दिया, ऐसे बुजुर्गों का साया उठना पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। सांसद ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी, रोहतक जिला शहरी अध्यक्ष कुलदीप केडी, ग्रामीण अध्यक्ष बलवान रंगा, डा. शिव शंकर भारद्वाज, संदीप सिंह, धीरज सिंह, विजय नरवाल, कुलवंत कोंटिया, ईश्वर शर्मा, रूपेंद्र ग्रेवाल आदि ने शोक जताया।

### भंडारे में श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

**भिवानी।** अशोका कॉलोनी स्थित श्रीशनिदेव मंदिर प्रांगण में श्रीहनुमान सेवा समिति द्वारा श्रीशनिदेव महाराज का 24वां एवं श्रीश्याम प्रभु खाटूवाले का दूसरा विशाल भंडारे का आयोजन किया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सेवानिवृत्त जिला खेल अधिकारी दर्शन कुमार मिड्ढा बतौर मुख्यतिथि पहुंचे। समिति प्रधान राधाकृष्ण चावला ने बताया कि पिछले वर्ष श्रीश्याम प्रभु खाटू वाले की प्रतिमा भी स्थापित की गई थी। भंडारे में सुनील सचदेवा कालू,जगन्नाथ गंभीर, दीपक शर्मा, ईश्वरदास धमीजा, दीपक नरूला, ओमप्रकाश सुखीजा, पंकज ढींगड़ा ने सहयोग किया।

## भोजावाली माता मंदिर में भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

नया बाजार स्थित प्राचीन भोजावाली माता मंदिर में मंगलवार को गुप्त नवरात्रों के समापन पर विशेष धार्मिक अनुष्ठानों और विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान सुबह से ही मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। गुप्त नवरात्रों के नौ दिनों तक चले विशेष पूजन और हवन के बाद मंगलवार को पूर्णाहूति दी। इसके पश्चात मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। नया बाजार और



आसपास के क्षेत्रों से आए सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर माता का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के सदस्यों और युवाओं ने भंडारे में अपनी सेवाएं अर्पित की, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

## संयुक्त किसान मोर्चा व किसान सभा ने निकाला ट्रैक्टर मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- शहर की बाऊंड्री पर अनुशासनबद्ध तरीके से ट्रैक्टर मार्च में लिया किसान-मजदूरों ने भाग

संयुक्त किसान मोर्चा व अखिल भारतीय किसान सभा भिवानी की ओर से किसान-मजदूरों की मांगों को स्वर देने व गणतंत्र को मजबूत करने के उदेश्य से भिवानी शहर के सरकूलर रोड़ पर ट्रैक्टर मार्च निकाला। ट्रैक्टर मार्च का उद्घाटन हरियाणा व्यापार मंडल राज्य उपप्रधान व व्यापारी नेता देवराज महता व किसान सभा के पूर्व राज्य प्रधान मास्टर शेरसिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान सभा भिवानी ब्लाक प्रधान प्रधान संतोष देशवाल तथा बवानीखेड़ा ब्लाक सचिव रामोतार बलियाली ने की। इस दौरान किसान नेताओं ने डॉ. स्वामीनाथन आयोग रिपोर्ट लागू करने और हाल ही में जल भराव/ बाढ पीड़ित तीन दर्जन गांव के पीड़ित/प्रभावित किसानों को फसल बर्बादी का मुआवजा देने सहित कई अन्य मांग रखी।

## गणतंत्र दिवस पर लोहारू में विधायक कपूर सिंह बाल्मीकि ने फहराया तिरंगा

**लोहारू।** चौ. देवीलाल खेल स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। समारोह में बवानीखेड़ा के विधायक कपूर सिंह बाल्मीकि ने तिरंगा फहराया और परेड की सलामी ली। इससे पहले विधायक कपूर सिंह और एसडीएम मनोज दलाल ने शहर में शहीदों व महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। विधायक व एसडीएम ने क्षेत्र के उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभिन्न संस्थाओं, अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया।

विधायक ने कहा कि 76 वर्ष पहले सन 1950 में आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। संविधान के कारण हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला।उन्होंने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को भी नमन किया। इस दौरान विधायक ने नागरिकों को स्वदेशी वस्तुएं अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान ठुकराल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विवेकानंद स्कूल, आदर्श प्ले स्कूल, दिशा स्कूल, हिंदू विद्या विहार, शिव स्कूल सहित राजकीय विद्यालयों के अनेक विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति दी। जिसे अतिथि और दर्शकों ने काफी सराहा। इसके अलावा कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाड़ियों तथा विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



### आंधी बारिश से उखड़े बिजली खंभे, फीडर व ट्रांसफार्मर करवाए जा रहे ठीक

## रिहायशी इलाकों से 33 व 66 केवी की हाइटेंशन लाइनें हटाएंगे: विज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रदेश के जिन क्षेत्रों में कालोनियां बस गई हैं और उनके ऊपर से यदि 33 केवी या 66 केवी की बिजली की तारें जा रही हैं तो उनको हटाने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा गत दिनों आई तेज हवाओं व बारिश के चलते उखड़े हुए खंभों व प्रभावित हुए फीडर व ट्रांसफार्मरों को ठीक किया जा रहा है। उन्होंने उक्त जानकारी तेजली खेल परिसर में आयोजित जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए दी। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि मकान के ऊपर से तार जाने के संबंध में यह देखा जाता है कि पहले तार डाली है या पहले मकान बना है। यदि मकान बाद में बना है तो तार हटवाने का एस्टीमेट जमा करवाना पड़ता है। विज ने कहा कि वैसे मैं कहीं पर भी बिजली को रुकने नहीं देता हूं और इस संबंध में मैं खुद इसकी निगरानी रखता हूं।



### कांग्रेस विदेशी सोच की पार्टी: ऊर्जा मंत्री

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह जीत का कारवां लगातार चलता ही जा रहा है और यह आगे भी चलता ही रहेगा। उन्होंने राहुल गांधी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में आने को लेकर कहा कि राहुल गांधी यहां पर प्रशिक्षण देने आए हैं, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जानकारी केवल चुनाव हरवाने की है। विदेशी तो कांग्रेस है और कांग्रेस का जन्म एक अंग्रेज अधिकारी 1885 में एओ हयूम ने किया था। अगर राहुल गांधी यह कहते हैं कि वह बाहर चले गए तो तुम भी बाहर चले जाओगे और यहां पर केवल भाजपा का ही राज रहेगा।



### अवैध कटों को तुरंत बंद करें: उपायुक्त

**चरखी दादरी।** उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों व अन्य मुख्य सड़कों पर बने अवैध कटों को तुरंत बंद करने, हाईवे पर अवैध रूप से संचालित ढाबों को हटाने तथा सड़कों के किनारे अवैध पार्किंग व अतिक्रमण पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीसी ने स्कूल वाहनों की नियमित जांच सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल की अध्यक्षता में मंगलवार को लघु सचिवालय हाल में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि जिले की सीमा से गुजर रहे नेशनल हाईवे एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य प्रमुख मार्गो पर बने अवैध कटों को बंद करवाया जाए।




### निखिल और अमन को किया सम्मानित

**भिवानी।** गणतंत्र दिवस पर गांव झरवाई में देशभक्ति के साथ-साथ गौरव और हर्ष का अनूठा संगम देखने को मिला। गांव की सरपंच कमला देवी ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीतने वाले निखिल शर्मा व कराटे में गोल्ड मेडल जीतने वाले अमन को सम्मानित किया। सरपंच कमला देवी ने बताया कि इन दोनों युवाओं की सफलता ने यह साबित कर दिया कि यदि प्रतिभा को सही दिशा और प्रोत्साहन मिले, तो ग्रामीण आँचल के बच्चे भी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमक सकते हैं। उन्होंने कहा कि निखिल और अमन ने पूरे गांव को गौरवान्वित किया है। ये बच्चे हमारे गांव के अन्य छोटे बच्चों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने हैं। हम चाहते हैं कि गांव का हर बच्चा किसी न किसी क्षेत्र में अपनी पहचान बनाए।



### स्कूल के सामने जमा सीवरेज का गंदा पानी

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वीर शहीद गुलाब सिंह पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के मुख्य द्वार पर सीवरेज व गंदे पानी की निकासी का पानी जमा होने से विद्यार्थियों, स्टाफ व शहरवासियों को खासी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गणतंत्र दिवस पर एक तरफ लोग भारत की आजादी और दूसरी और शहर की बिगड़ी व्यवस्था को देख रहे थे। छात्राओं, स्टाफ व आमजन को विद्यालय में आने जाने का रास्ता नहीं मिल रहा था। रोड़ की सीवरेज व गंदे पानी की व्यवस्था प्रशासन के दावों की पोल खोल रहा था। शहरवासियों की मानें तो प्रशासन स्वच्छता के दावे करता है लेकिन वास्तविकता सबके सामने हैं। सभी ने व्यवस्था को सुधारने की अपील की।



### घंटाघर मार्केट में लगाया भंडारा, बांटा प्रसाद

**भिवानी।** घंटाघर मार्केट में गणतंत्र दिवस पर भंडारे लगाया गया। भंडारा समिति के प्रधान अमन सभ्रवाल ने बताया कि आयोजन किसी एक व्यक्ति का प्रयास नहीं, बल्कि पूरी मार्केट के दुकानदारो के एकजुट सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विशेष रूप से हरियाणा होटल के संचालक रिंकू शर्मा के महत्वपूर्ण योगदान और विशेष सहयोग का उल्लेख किया, जिनके प्रयासों से इस आयोजन को और अधिक भव्यता मिली। इस दौरान अनेक लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रधान अमन सभ्रवाल और रिंकू शर्मा ने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों और सेवादारों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विजय धानिया, संजय कथूरिया, धर्मबीर जांगड़ा, हर्ष, लक्ष्य, सुमित, देव, कुलदीप सैनी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जंक फूड से दूर रहें: डॉ. तुलसी

- पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

मंगलवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास में राइट टू लाइफ फाउंडेशन की संस्थापक एवं प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. रत्नाला तुलसी कुमारी द्वारा कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री के स्वस्थ भारत के संकल्प को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु किया गया।

डॉ. तुलसी कुमारी ने बच्चों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की पहचान, रोकथाम तथा प्रारंभिक लक्षणों के बारे में सरल एवं प्रभावी भाषा में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही खान-पान, स्वस्थ जीवनशैली, नियमित व्यायाम और समय पर जांच से कैंसर जैसी बीमारी से काफी हद तक बचा जा सकता है।



### फल-सब्जियों के सेवन करें

डॉ. तुलसी कुमारी नेबच्चों को जंक फूड से दूर रहने, मोबाइल प्रयोग कम करने, ताजे फल-सब्जियों के सेवन, शारीरिक गतिविधियों और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर भी प्रकाश डाला। राइट टू लाइफ फाउंडेशन हरियाणा में रजिस्टर्ड एनजीओ है, जो देश के 10 से अधिक राज्यों में कैंसर जागरूकता, रोकथाम और स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। विद्यालय प्रशासन ने इस उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम के लिए डॉ. तुलसी कुमारी एवं राइट टू लाइफ फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

**आयोजन** एवीपीएल प्रीमियर लीग में चार दिन खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

# ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को देती हैं प्रतिभा के प्रदर्शन का मौका : हनुमान

- खेलों का शुभारंभ भाजपा नेता हनुमान शर्मा पाजू ने किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल

ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए बिधनोई गांव में 27 से 30 जनवरी तक आयोजित होने वाली एवीपीएल प्रीमियर लीग का शुभारंभ किया गया।

खेलों का शुभारंभ भाजपा नेता समाजसेवी हनुमान शर्मा पाजू ने किया। प्रतियोगिता में क्रिकेट, वालीबॉल, दौड़, रस्साकस्सी, बुढा दौड़ सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए समाजसेवी हनुमान शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतियोगिताओं से ग्रामीण प्रतिभाओं का अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए अवसर मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर खेलों में बढ़ चढकर भाग लें और समाज निर्माण में योगदान दें।



**बहल।** गांव बिधनोई में आयोजित प्रतियोगिता में वालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए समाजसेवी हनुमान शर्मा। *फोटो: हरिभूमि*

### सुधार करें

उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के युवा भरपूर उर्जावान होते हैं और उनकी प्रतिभा का कोई सानी नहीं है। वे हर प्रतियोगिता को चुनौती मानकर खेंले और निरंतर अपनी कमियों का खुद आंकलन कर उसमें सुधार करें। युवाओं द्वारा पूरी एकाग्रता से खेला गया हर मैच उनकी सफलता के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### किया स्वागत

हनुमान शर्मा का गांव बिधनोई के ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने वालीबॉल कोर्ट में बाल का फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और प्रतियोगिता आयोजन के लिए अपने कोष से 51 हजार रुपये की सहयोग राशि आयोजकों को भेंट की। इस अवसर पर संदीप श्योराण (मेजर), धर्मवीर श्योराण, सज्जन फौजी बिधनोई, कर्मपाल फौजी, नवीन लौर, पंकज श्योराण, चांदवीर लौर, नवीन बागाण बिधनोई, अजय श्योराण सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

